## एक नजर में

### मौनीबाबा का जन्मोत्सव, श्रद्धा पर्व आज

**उज्जैन।** श्री मौनतीर्थ पीठ के अधिष्ठाता, कलिपावनावतार, अखण्ड मौनव्रती सद्गुरुदेव ब्रह्मऋषि श्रीश्री मौनीबाबा जी महाराज का 116वां पावन जन्मोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज 14 दिसंबर को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह दिव्य आयोजन पीठ के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीश्री 1008 ब्रह्मनिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामीश्री डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। उनकी गरिमामयी उपस्थिति संपूर्ण आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं साधना की दिव्यता से आलोकित करेगी। जन्मोत्सव के मुख्य कार्यक्रम आज प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होंगे। सर्वप्रथम श्री मौनतीर्थ पीठ परिसर में स्थित भगवान गंगाधर सदाशिव का विशेष अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुजन जल, दुग्ध एवं पंचामृत से अभिषेक कर शिव कृपा की कामना करेंगे, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक पवित्रता से परिपूर्ण हो उठेगा। इसके पश्चात प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक अखण्ड महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महामण्डलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज के मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में संपन्न होने वाला यह महायज्ञ शांति, आरोग्य, दीर्घायु एवं विश्वकल्याण हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। मंत्रोच्चार की दिव्य ध्वनि एवं हवन की पवित्र आहुतियां उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेंगी। प्रात: 11.30 बजे श्रीश्री मौनीबाबा जी महाराज के समाधि मंदिर में पावन अभिषेक एवं विशेष पूजा का आयोजन होगा। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने आराध्य सद्गुरु के प्रति कृतज्ञता एवं समर्पण भाव अर्पित करेंगे। समाधि परिसर में गूंजते भक्ति-स्वर वातावरण को भावविभोर कर देंगे। इन सभी आध्यात्मिक अनुष्ठानों के पश्चात दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से पधारे श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं अतिथियों का ससम्मान स्वागत किया जाएगा। यह भंडारा श्री मौनतीर्थ पीठ की सेवा, समर्पण एवं उदार परंपरा का सजीव प्रतीक रहेगा। इस पावन अवसर पर शाम 4 बजे से श्री मौनतीर्थ पीठ हिंदी विद्यापीठ का 5वां राष्ट्रीय अधिवेशन भी आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में देशभर से पधारे प्रख्यात हिंदी विद्वानों, साहित्यकारों एवं भाषासेवियों का सारस्वत सम्मान किया जाएगा तथा उन्हें विशिष्ट उपाधियों से अलंकृत किया जाएगा। हिंदी भाषा एवं भारतीय संस्कृति के संवर्धन हेतु समर्पित यह आयोजन मातृभाषा के गौरव को नई दिशा प्रदान करेगा। पीठ प्रबंधन के अनुसार यह संपूर्ण आयोजन न केवल आध्यात्मिक साधना और प्रेरणा का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण एवं हिंदी के उत्थान का भी सशक्त माध्यम सिद्ध होगा।



### तिलकेश्वर गौशाला में भंडारे का आयोजन

**उज्जैन।** तिलकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित चैतन्य हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी के उपलक्ष में तिलकेश्वर गौ सेवा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष नारायण यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी जमुना यादव, मुन्ना सरकार, हेमंत पांचाल, उदित जैन, स्वदेश शर्मा, अनिल गुप्ता, डॉ. विनोद वैरागी, डॉ. एस एन पाण्डे, तिलकेश्वर गो सेवा सदन के सचिव विश्वास शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ. आरके जोशी ने हनुमान जी की आरती की। भंडारे के पूर्व पं. अर्पित पुजारी ने विधिवत पूजन अनुष्ठान करवाया। मुख्य जजमान नारायण यादव ने हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में तिलकेश्वर गौ सेवा में लगे सभी सदस्यों ने सेवाएं प्रदान की। संचालन एवं मार्गदर्शन अशोक जैन मुन्ना सरकार ने किया।



### निहार जैन और राज भोगे का चयन

**उज्जैन।** स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट उज्जैन के द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर 3 दिसम्बर को किया गया। इसमें पर्यावरण केंद्रित विषयों पर ऑनलाइन माध्यम में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लगभग 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व छात्र राज भोगे, निहार जैन और कपिल गोठवाल ने किया। इसमें से राज भोगे और निहार जैन का चयन क्षेत्रीय स्तर हेतु विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के शीर्ष 10 प्रतिभागियों में हुआ। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ एवं स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में 6 दिसंबर को ऑनलाइन माध्यम से क्षेत्रीय स्तर की राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद का आयोजन किया। जिसमें मध्यप्रदेश के 13 एवं छत्तीसगढ़ के 11 विश्वविद्यालयों के लगभग 200 छात्रों ने प्रतिभागिता की। निर्णायकों द्वारा श्रेष्ठ 20 प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया इसमें सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की ओर से राज भोगे का चयन किया गया।



### मेक इन इंडिया अब ताकत बन रहा

**उज्जैन।** वैश्विक स्तर पर भारत एक बड़े बाजार के रूप में स्थापित होने के बाद अब एक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। आज चीन के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर कम हो रही है। इसके ठीक विपरीत भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर लगातार बढ़ रही है। चीन में हाल ही के समय में कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का विदेशी निवेश चीन से बाहर निकाल लिया है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां जो चीन में है अब चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के उद्देश्य से चीन+1 पॉलिसी के तहत यह समस्त कम्पनियां भारत में भी अपनी विनिर्माण इकाइयों की स्थापना कर रही हैं। उक्त उद्गार है सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी एसएस नारंग के जो उन्होंने सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय के पं. जवाहरलाल नेहरू प्रबंध संस्थान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में एमबीए के विद्यार्थियों को बड़े बाजार के रूप में स्थापित होने के बाद अब वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित होता भारत विषय पर अपने भाषण में किया। पं. जवाहरलाल नेहरू प्रबंध संस्थान के डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने कहा कि विश्व की कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की है। विनिर्माण के क्षेत्र में 13.9 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज हुई है और इससे उद्योग के क्षेत्र में भी अब रोजगार के भरपूर अवसर निर्मित हो रहे हैं। आभार पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रबंध संस्थान के डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने माना।

### अभिरंग नाट्य गृह में संगीत संध्या आज

**उज्जैन।** आज 14 दिसम्बर रविवार शाम 7 बजे कालिदास अभिरंग नाट्य गृह में सारेगामा समूह द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप निर्देशक राजेंद्र पटेल ने बताया कि संगीत संध्या में मुख्य अतिथि डॉ. सतविंदर कौर सलुजा होंगी। विशेष सहयोगी आचार्यजी, आशु नागर रहेंगे। इस दौरान गायक विनय, अशोक, भारती, प्रशांत, शेफाली, सपना, पुनित, जयेश, कपिल, संजय, नामजोशी, राजेश द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# नेशनल लोक अदालत में उमड़ा करदाताओं का उत्साह, छूट का मिला बड़ा लाभ

## वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत से सुलझे कर विवाद, नागरिकों ने स्वेच्छा से चुकाया बकाया, नगर निगम ने बकायादारों का किया स्वागत



**उज्जैन। नगर निगम द्वारा शनिवार को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन शहर के समस्त झोन कार्यालयों में किया गया। लोक अदालत में करदाताओं का उल्लेखनीय उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने बकाया संपत्ति कर एवं जलकर का भुगतान कर विशेष छूट का लाभ उठाया। झोन कार्यालयों में लंबी कतारें लगी रहीं और दिनभर कर जमा करने की प्रक्रिया निर्बाध रूप से चलती रही।**

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से नागरिकों को बकाया कर पर निर्धारित छूट प्रदान की गई। जिससे वर्षों से लंबित कर विवादों का त्वरित समाधान हुआ। करदाताओं को न केवल आर्थिक राहत मिली, बल्कि बिना किसी अतिरिक्त प्रक्रिया के एक ही स्थान पर कर निर्धारण और भुगतान की सुविधा भी प्राप्त हुई। इससे समय और खर्च दोनों की बचत हुई।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम मुख्यालय में नागरिकों की सुविधा के लिए अस्थायी काउंटर भी स्थापित किए गए। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने कर जमा किया। समस्त झोन कार्यालयों में पूरा अमला मौजूद रहा और कर संग्रह का कार्य सक्रिय रूप से संपादित किया गया।

लोक अदालत के दौरान बकाया कर जमा करने वाले करदाताओं का निगम अधिकारियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया, जिससे नागरिकों में सकारात्मक संदेश गया और अन्य करदाताओं को भी कर भुगतान के लिए प्रोत्साहन मिला। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने-अपने झोन में बड़े बकायदारों से संपर्क कर उन्हें लोक अदालत के माध्यम से कर जमा करने हेतु प्रेरित किया गया।

### शाम 7 बजे तक आंकड़ा 4 करोड़ पार

नवभारत से चर्चा में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि शाम 7 बजे तक सभी झोन में आई बकाया राशि का हिसाब किताब लगाया जा रहा। 6 बजे तक लगभग 3 करोड़ से अधिक का आंकड़ा सामने आया था। लगातार राशि की गणना जारी रखी गई। देर रात तक अंतिम आंकड़ा आएगा। माना जा रहा है कि 7 बजे तक लगभग 4 करोड़ की राशि नगर निगम को बकायादारों से प्राप्त हुई है। विदित हो कि इसके पूर्व भी नगर निगम ने अभियान चलाकर संपत्तिकर, जलकर की राशि जमा कराई थी। वही राशि भी करोड़ों में पहुंची थी।

### आयुक्त ने किया झोन का निरीक्षण

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने विभिन्न झोन कार्यालयों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि झोन कार्यालयों के साथ-साथ फील्ड में भी अमले को सक्रिय रखें, ताकि बड़े बकायदारों से कर वसूली कर निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके। जोन क्रमांक-1 में सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, उपायुक्त मनोज मौर्य एवं आदर्श परिहार की उपस्थिति में करदाताओं द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर जमा किया गया। यहां भी कर जमा करने वाले नागरिकों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।



### वृक्षों की अवैध कटाई पर एफआईआर कराई

उज्जैन। निगम के झोन 4 विश्वविद्यालय मार्ग स्थित होटल आश्रय जहां एक्सिस बैंक संचालित हो रहा है। उक्त परिसर में वृक्षों की अवैध कटाई से प्राप्त लकड़ियों एवं टहनियों के अवशेष मिल। उक्त भवन के सामने वृक्षों की अवैध कटाई की गई जिसमें भवन स्वामी शैलेंद्र जैन, निखिल निगम एवं उनके निर्देशित लोगों द्वारा बिना अनुमति के वृक्षों को काटे जाने का अवैध कार्य किया गया। 04 केशिया और 01 पारस पीपल प्रजाती के वृक्ष काटे गये हैं। भवन स्वामी एवं संबंधित के द्वारा निर्देशित लोगों के विरुद्ध वैधानिक कारवाई के लिए एफआईआर उद्यान विभाग के द्वारा करवाई गई।

# बाइक सवार परिवार को डंपर ने मारी टक्कर, पति की मौत

**उज्जैन। मक्सीरोड पर शुक्रवार शनिवार बाइक सवार परिवार को डंपर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति की मौत हो गई पत्नी और एक बच्चा घायल हुआ है। दुर्घटना के बाद चालक डंपर लेकर मौके भाग निकला था।**



पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर श्री सिंथेटिक्स से लालपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर शाम को बाइक-डंपर की भिड़ंत होने की खबर मिलते ही पंवासा थाना की डायल 112 मौके पर पहुंची। घटनास्थल से बाइक सवार पति-पत्नी और 3 साल के मासूम को घायल हालत में चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। उसकी पत्नी और बच्चे को उपचार के लिये भर्ती किया। घायल महिला से पूछताछ में उसने अपना नाम सुशीला और मृतक पति का नाम माखन पिता बाबूलाल 35 साल निवासी सारंगपुर सामने आया। पुलिस पुलिस ने परिजनों को सूचना थी रात में ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि माखन इंदौर रोड स्थित ईंट भट्टे पर काम करता था। 2 दिन पहले अपने गांव सारंगपुर गया था यहां से वापस उज्जैन लौट रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। मौके से भागे चालक और डंपर की तलाश की जा रही है।

### सुपारी देकर हमला करवाने वाले को भेजा गया जेल

उज्जैन। व्यवसाय की प्रतिस्पर्धा में सुपारी देकर अपनी ही मौसी के पुत्र पर जानलेवा हमला करवाने वाले आरोपी को पुलिस ने 25 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। जिसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि शांतिनगर में रहने वाला अमन पिता जगदीश प्रजापत 25 साल मुनीनगर क्षेत्र में ऑनलाइन क्लीन सर्विस सेंटर संचालित करता है। 17 नवम्बर की सुबह 3 युवकों ने उसके सेंटर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया था, अमन गंभीर घायल हुआ था। मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे। 14 दिन बाद हमला करने वाले 3 आरोपियों शंकर राव उसके भाई कान्हा राव और पवन नाथ को गिरफ्तार किया गया था। तीनों ने पूछताछ में कबूल किया था कि हमला करने के लिये उन्हे रवि पिता घनश्याम प्रजापत निवासी बालाजी परिसर ने 10 हजार रुपए की सुपारी दी थी। रवि का नाम सामने आने पर उसके खिलाफ भी हत्या के प्रयास और साजिश रचने का मामला दर्ज किया था। घटना के 25 दिन बाद गुरूवार रात रवि को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। गौरतलब हो कि घटना के बाद घायल अमन ने अपनी मौसी के लड़के रवि पर हमला करवाने की आशंका जताई थी और बताया था कि वह भी ऑनलाइन क्लीन सर्विस का काम करता है। व्यवसाय की प्रतिस्पर्धा में उसने हमला करवाया है। लेकिन पुलिस को घटना के बाद मिले फुटेज में वह दिखाई नहीं दिया था। चाकू मारने वालों के गिरफ्त में आने पर रवि प्रजापत को भी आरोपी बनाया गया था।

# नव मानस नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की संदिग्ध मौत

## लगाया मारपीट का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

**उज्जैन। नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजन अंतिम संस्कार के लेकर पहुंचे जहां मृतक युवक के शरीर पर चोट के निशान देख परिवार ने मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करा कर मामले की जांच शुरू की है।**

मंगलनाथ मार्ग स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती हरीश पिता ग्यारसी लाल निर्मल 40 साल निवासी शंकरपुर मक्सी रोड को कुछ दिन पहले परिजनों ने भर्ती कराया था। शुक्रवार शनिवार रात परिवार को सूचना मिली कि हरीश की तबीयत खराब होने पर उसे आरडी गार्डी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन अस्पताल पहुंचे तो हरीश की मौत होने की खबर मिली। नशे का आदी होने पर परिजन उसे सामान्य मौत मानकर शव घर ले आए। शनिवार सुबह अंतिम संस्कार से पहले मृतक हरीश के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दिए। परिजनों ने मारपीट की आशंका जताई और पुलिस को सूचना दी। पंवासा पुलिस ने बॉडी को अस्पताल पहुंचाया और नशा मुक्ति केंद्र जीवाजीगंज थाना क्षेत्र का होने पर संबंधित पुलिस को सूचना दी गई। दोपहर में पुलिस में पोस्टमार्टम कराया है वहीं परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जाएगी।

### दो बच्चों का पिता था मृतक हरीश

पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि हरीश दो बच्चों का पिता था और बिल्डिंग मटेरियल का काम करता था नशे की लत होने पर उसे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। तीन दिन पहले ही पिता उससे मिलने पहुंचे थे उसकी हालत में सुधार था। परिजनों का कहना था कि हरीश के साथ मारपीट हुई है जिसके चलते उसकी मौत होना सामने आया है। वहीं नशा मुक्ति केंद्र के डायरेक्टर उमेश वैष्णव ने मारपीट की बात से इनकार किया है और साइलेंट अटैक आने की बात कही है।

# हिंदू बालिकाओं के साथ धार्मिक स्थल पर बैठा था मुस्लिम युवक

## हिंदूवादी संगठन ने पकड़ा, पुलिस कर रही पूछताछ

**उज्जैन।** तीन बालिकाओं के साथ दो युवक धार्मिक स्थल पर बैठे हुए थे जिसमें एक मुस्लिम था। हिंदूवादी संगठन ने दोनों युवकों को पकड़ा और पुलिस को बुलाया। दोनों युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है। बालिकाओं के परिजनों को भी सूचना दी गई है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के उंडासा तालाब के समीप बने धार्मिक स्थल पर मुस्लिम युवक के साथ तीन बालिकाओं के होने और मामला लव जिहाद से जुडा होने हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। मुस्लिम युवक के साथ एक हिंदू युवक भी था। मुस्लिम युवक से पूछताछ में उसका नाम इरफान मेव निवासी भैरू नाला होना सामने आया। हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने मामले की सूचना पुलिस को दी चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवको को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। मुस्लिम युवक का कहना था कि वह एक ही कॉलेज में पढ़ते हैं और घूमने आए थे जहां फोटो शूट कर रहे थे। पुलिस का कहना था कि युवक और बालिकाओं के माता-पिता को बुलाया गया है। मामले की जांच जारी है जो भी तथ्य सामने आएंगे आगे की कार्रवाई की जाएगी। हिंदूवादी संगठन का कहना था कि मुस्लिम युवक हिंदू बालिका के साथ आपत्तिजनक हरकतें कर रहा था हिंदू समाज के धार्मिक स्थल की सुचिता भंग होने और संस्कृति विरुद्ध गतिविधि को देखते हुए युवकों को पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

# नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष व कार्यकारिणी का सम्मान किया



**उज्जैन।** उज्जैन प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व कार्यकारिणी का कुंवर सुमेर सिंह सोलंकी एवं मित्र मंडली ने स्वागत सम्मान किया।

**व्यवस्था बदली..** महाकाल नगरी में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब, 10 लाख दर्शनार्थी आएंगे

# नववर्ष के मद्देनजर महाकाल मंदिर के आगमन और निर्गम की बदली व्यवस्थाएं

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर के मंदिर में पुराने वर्ष के समापन और नववर्ष के आगमन पर श्रद्धालुओं का अपार सैलाब उमड़ने की संभावना है। अनुमान है कि इस दौरान देश-विदेश से लगभग 10 लाख श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचेंगे। इसे देखते हुए महाकाल मंदिर प्रशासन और नगर निगम द्वारा दर्शन एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर व्यापक स्तर पर व्यवस्थाओं में बदलाव किए गए हैं।



महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर के प्रवेश द्वारों, निकास मार्गों एवं प्रोटोकॉल व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। प्रोटोकॉल कार्यालय को नीलकंठ क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया है, जिससे मंदिर परिसर में अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। महाकाल मंदिर के बाहर जहां से शिखर दर्शन किए जाते हैं और बाबा की पालकी जिस पुराने मुख्य द्वार से बाहर निकलती है और गॉड ऑफ ऑनर दिया जाता है। उसके समीप एक नया रास्ता बनाया गया है जो अवंतिका द्वार के समीप से होकर मंदिर के परिसर में आएगा यहां से भी श्रद्धालुओं को वैकल्पिक मार्ग के जरिए मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा ताकि आसानी से श्रद्धालु उसे वक्त शीघ्र दर्शन कर सके जब मंदिर में अतिरिक्त भीड़ हो। महाकाल नगरी में नववर्ष के पावन अवसर पर उमड़ने वाली इस विशाल भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और श्रद्धा, सुरक्षा एवं सुविधा के समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि हर श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन शांतिपूर्ण और सुखद अनुभव के साथ कर सके।

### सुचारू दर्शन लाभ-लड्डू काउंटर बढ़ा रहे

श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए आधा दर्जन से अधिक ऐसे बदलाव किए गए हैं। जिनका सीधा लाभ दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाने में मिलेगा। बड़ा गणेश जूता स्टैंड क्षेत्र तथा बाबा महाकाल की पालकी के मुख्य द्वार से बाहर निकलने वाले मार्ग के समीप से भी श्रद्धालुओं को प्रवेश देने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त प्रवेश और निकास द्वार बनाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी स्तर पर अव्यवस्था न हो। प्रशासन द्वारा भूत भवन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के आगमन से लेकर दर्शन तक की समुचित योजना बनाई गई है। नगर निगम एवं मंदिर प्रशासन मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दर्शन सुगमता से हो सकें। इसके साथ ही लड्डू प्रसाद वितरण व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। अतिरिक्त काउंटर स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से लड्डू प्रसाद आसानी से प्राप्त कर सकें।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 1-आशीषकुमार मुणत पिता श्री विजयकुमार मुणत जाति जैन आयु 45 वर्ष, 2-हुसैन पिता ताहेरअली जाति बोहरा, 3-दशरथ पिता मदनलाल बंबोरिया जाति धाकड़, 4-सानवी मुणत पिता आशीषकुमार मुणत जाति जैन, 5-फकरुद्दीन पिता ताहेरअली जाति बोहरा, खाचरौद जिला उज्जैन मप्र के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम रूनखेड़ा, तहसील खाचरौद भूमि सर्वे नबंर 404/1 रकबा 2.00 हेक्टर, सर्वे नबंर 404/2 रकबा 2.01 हेक्टर, सर्वे नबंर 407/1 रकबा 0.50 हेक्टर, सर्वे नबंर 407/2 रकबा 0.50 हेक्टर, सर्वे नबंर 408 रकबा 1.01 हेक्टर, कुल किता 05 कुल रकबा 6.02 हेक्टर कृषि भूमि भूमि को क्रय करने का सौदा किया है, इस कृषि भूमि के बाबत क्रय करने का अनुबंध किया होकर अनुबंध के पालन में बयाना राशि अदा कर दी है तथा अनुबंध के पालन मे शेष प्रतिफल अदा कर विक्रय-पत्र पंजीयन करवाना जाना शेष है। इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, अगर उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, निजी ऋणदाता अथवा वित्तीय संस्थान का किसी भी स्वरूप का कोई भार बोझ हो अथवा स्वत्व हित अधिकार तो इस सूचना प्रकाशन की 7 दिवस की अवधि में मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार विक्रय-पत्र का पंजीयन विधिवत अपने पक्ष में करवा लेवेगा तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

दिनांक-13-12-2025 ईस्वी

**प्रेषक**
**अफसर एहमद मंसूरी एडवोकेट, जवाहर मार्ग खाचरौद जिला उज्जैन**
**मोबाइल – 98269-49940**